तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार, 25 मार्च 2025



10 लंबित कार्यों का निष्पादित समय सीमा पर करने...



12 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर में मनाया...






## परलकोट क्षेत्र में तेज हवा और ओलावृष्टि से मक्के की फसल को हुआ नुकसान, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

परलकोट क्षेत्र में विगत तीन दिनों के दौरान हुई बारिश और ओलावृष्टि के साथ चली तेज हवा से किसानों के मक्के की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। सबसे ज्यादा नुकसान श्यामनगर और संगम क्षेत्र में नुकसान हुआ। हवा के चलते मक्के की खड़ी फसल पूरी तरह से गिर गई।

**बेमौसम बारिश से किसानों की नींद हराम:-** बेमौसम की बारिश से परलकोट के कई ईलाके में ओले और तेज हवा की बारिश से किसानों की नींद खराब कर दिया है। किसानों का कहना है कि तेज हवा चलने से ज्यादा नुकसान हुआ है, उससे मक्का की फसल क्षतिग्रस्त हुई है। कई जगह कच्चे मकान भी क्षतिग्रस्त हो गए है। घटना की खबर मिलने पर जनप्रतिनिधि भी मौके पर पहुँचे और किसानों से मुलाकात कर उनसे हुए नुकसान पर चर्चा की। जनप्रतिनिधियों ने किसानों को शासन से मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिया है। जनप्रतिनिधियों ने किसानों के हुए नुकसान के बारे प्रशासन को अवगत कराया गया। प्रशासन ने भी सभी पटवारियों को गांव-गांव जाकर नुकसान का आंकलन करने के निर्देश दिए हैं। पटवारी मौके पर पहुंचकर सर्वे कर रहे हैं और प्रकरण तैयार कर रहे हैं। कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी एनआर नेताम ने बताया बारिश और ओलावृष्टि से ज्यादा नुकसान नहीं हुआ, लेकिन तेज हवा के कारण मक्के के पौधे गिर गए, जो ▶▶| शेष पेज 10 पर

### जनप्रतिनिधियों ने किसानों को दिया शासन से मुआवजा दिलवाने का आश्वासन

#### सर्वे करने दिए गए निर्देश

पखांजूर तहसीलदार कुलदीप ठाकुर ने कहा जहां से फसल के नुकसान की जानकारी मिली है। इसके अलावा सभी पटवारियों को अपने हल्के में फसलों के नुकसान का सर्वे करने के निर्देश दे दिए गए हैं। सर्वे का काम युद्धस्तर पर किया जा रहा है। पटवारियों द्वारा नुकसान की जानकारी प्रतिवेदन प्राप्त होते ही 6-4 के तहत किसानों को मुआवजा प्रदान किया जाएगा।





#### प्रभावित किसानों को मिलेगा मुआवजा

अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा कि विगत तीन दिनों से प्राकृतिक आपदा के चलते किसानों की क्षतिग्रस्त फसलों के सर्वे के लिए राजस्व अमले को निर्देश दिए गए हैं। सर्वे के उपरांत रिपोर्ट मिलने के उपरांत प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलवाया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने क्षय नियंत्रण रथ को दिखायी हरी झंडी

**कांकेर।** कलेक्टोरेट परिसर में 24 मार्च को दोपहर बाद कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने क्षय उन्मूलन दिवस के अवसर पर क्षय नियंत्रण रथ को हरी झंडी दिखाकर कलेक्टोरेट परिसर से रवाना किया। इसके पहले उन्होंने क्षय उन्मूलन एवं नियंत्रण कार्यक्रम में सहभागी बनने व भूमिका सुनिश्चित करने की शपथ सभी अधिकारियों को समय सीमा की बैठक के दौरान दिलाई गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश सांडिया सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### महिलाओं ने ली कचरा कलेक्शन की जिम्मेदारी



**चारामा।** चारामा के ग्राम पंचायत आंवरी में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जय गंगा मैया स्व सहायता समूह की महिलाएं, ग्राम पंचायत सरपंच जय प्रकाश गावड़े और जनपद पंचायत चारामा के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में गांव को साफ और स्वच्छ बनाने के लिए महिलाओं द्वारा कचरा कलेक्शन करने पर चर्चा हुई। बिहान योजना से जुड़ी महिलाओं ने अपने गांव को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया। इस पहल से न केवल गांव स्वच्छ रहेगा, बल्कि महिलाओं को रोजगार का भी अवसर मिलेगा।

### मनमानी : वनमंडलधिकारी ने कहा कि जांच करने के बाद कार्रवाई की जाएगी

## सड़क निर्माण के लिए बिना अनुमति काट दिए कई इमारती पेड़, नोटिस होगा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

- पेड़ काटने का अधिकार वन विभाग को, प्राइवेट संस्था नहीं काट सकती पेड़

आरीडोंगरी माइंस क्षेत्र से साल्हे के मुख्य मार्ग तक 4 लेन क्रांकीट सड़क निर्माण किया जा रहा है, जिसमें सड़क निर्माण में बाधा बनने वाले पेड़ों को भी बिना अनुमति के काटा जा रहा है, जिसमें कई सागोन जैसे इमारती पेड़ शामिल है। लौह अयस्क की खुदाई करने वाली कंपनी ने इसकी जानकारी न तो प्रशासन को दी और न ही खनिज विभाग को जानकारी दी। यह सड़क किस मद से बनाई जा रही है, उसकी भी जानकारी देने से प्रबंधन बच रहा है।

**नियमों को ताक में रखकर बनाई जा रही रोड:-** विकासखण्ड भानुप्रतापपुर के कच्चे में सड़क निर्माण में लगे अमले ने बताया कि आरिडोंगरी माइंस मेसर्स गोदावरी पावर एंड इस्पात लिमिटेड द्वारा सड़क निर्माण किया जा रहा है। सड़क निर्माण में बाधा बनने वाले पेड़ों को भी काटा जा रहा है, जिसमें कई सागौन जैसे इमारती पेड़ शामिल है। कुछ कटे हुए पेड़ो को निर्माणाधीन रोड के नीचे ही दबा दिया गया है और कुछ रोड के किनारे में भी बिखरे हुए पड़े है। शासन के नियमों को ताक में रखकर रोड बनाया जा रहा है, जिसमें पेड़ काटने से पहले वन विभाग से किसी भी तरह की कोई अनुमति नहीं ली गई है। इसकी जानकारी वन विभाग के किसी स्तर के अधिकारी के पास नहीं है, इसके अलावा राजस्व विभाग के पास भी कोई जानकारी नहीं है। जानकारों का मानना है कि पेड़ वन विभाग की जमीन में हो या राजस्व की जमीन में हो, पेड़ की कटाई का कार्य अनुमति लेने के बाद वन विभाग के द्वारा किया जाता है। निर्माण एजेंसी को इसके लिए पेड़ काटने की राशि को वन विभाग के पास जमा किया जाता है। इस सड़क को बनाने के लिए ऐसा किसी भी नियम का पालन नहीं किया जा रहा है।





### मैनेजर के मोबाइल की घंटी बजती रही

इस विषय में जानकारी लेने माइंस मेसर्स गोदावरी पावर एंड इस्पात लिमिटेड के कच्चे आरीडोंगरी के मैनेजर केके झा से बात करने के लिए कॉल किया गया, परंतु उनका काल रिसीव नहीं हुआ। माईस प्रबंधन की मनमानी से क्षेत्र के लोग भी परेशान है और अपनी मनमर्जी करते रहते है।

### नोटिस जारी किया जाएगा

पूर्व वनमंडल भानुप्रतापपुर के वनमंडलाधिकारी डीके साहू से इस संबंध में जानकारी ली गई तो उनका कहना था कि माईंस प्रबंधन द्वारा जहाँ रोड बनाया जा रहा है, वो राजस्व की भूमि है। माईंस प्रबंधन ने पेड़ कटाई किया है, उसके लिए नोटिस जारी किया जाएगा और जाँच करवाई जाएगी। जाँच रिपोर्ट मिलने के उपरांत कार्यवाही किया जाएगा।

### एसडीएम से नहीं हो पाया संपर्क

भानुप्रतापपुर के एसडीएम गंगाधर वाहिले से माईंस प्रबंधन द्वारा सड़क बनाने को लेकर संपर्क करने का प्रयास किया गया, परंतु उनके मोबाईल का नेटवर्क आउट आफ कवरेज बताया, जिसके कारण यह नहीं पता चल सका कि कंपनी ने सड़क बनाने की अनुमति लिया है या नहीं। एसडीएम से संपर्क होने के बाद ही सही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

## कांग्रेसियों ने किसानों की समस्याओं को लेकर किया धरना प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

परलकोट की ज्वलंत मुद्दा लो वोल्टेज एवं प्राकृतिक आपदा से हुई किसानों की फसलों की नुकसान का मुआवजा को लेकर कांग्रेसियों ने एक दिवसीय धारना प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल के नाम का ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। परलकोट क्षेत्र के कांग्रेसी 24 मार्च को सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम के सामने एकत्र होकर धरना प्रदर्शन दिया और अपनी बाते रखी। कांगेसियों ने कहा कि 2018 में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही किसानों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ की विद्युत क्षमता को बढ़ाने के साथ साथ लो वोल्टेज समस्या का भी समाधान किया एवं 5 साल तक किसानों को बिजली की समस्या से जूझना नहीं पड़ा। दूसरी ओर 2023 में प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होते ही क्षेत्र के किसानों के साथ छल हो रहा है। लगातार बिजली कटौती, लो वोल्टेज समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस के शासन काल में परलकोट जलाशय के पीवी 1, 2, 3 एवं बारदा में हुए प्राकृतिक आपदा का मुआवजा क्षेत्र के किसानों को 24 घंटे के अंदर दिया गया था। वर्तमान में तथाकथित डबल इंजन की सरकार होते हुए भी क्षेत्र की किसानों को लो वोल्टेज की समस्याओं से जूझना पड़ रहा हैं। धरना प्रदर्शन के दौरान ज़िला अध्यक्षा सुभद्रा सलाम ने सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि अगर जल्द से जल्द क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या का समाधान नहीं हुआ और हाल ही में हुए प्राकृतिक आपदा का मुआवजा अगर किसानों को जल्द से जल्द नहीं मिला ▶▶| शेष पेज 10 पर

## मार्निंग वॉक पर निकले दो लोगों को अज्ञात वाहन ने मारी ठोकर, एक की हालत गंभीर, इलाज जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बाईपास रोड पर 23 मार्च की सुबह मार्निंग वॉक पर निकले तीन साथियों में से दो साथियों को जगदलपुर की ओर से रायपुर जा रहे अज्ञात वाहन ठोकर मारकर भाग किया, जिसमें दो लोग घायल हो गए। एक का ईलाज जिला अस्पताल में जारी है, वहीं गंभीर रूप से घायल को ईलाज के लिए हायर सेंटर भेजा गया है। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुँचे 28 वर्षीय दीपेश कौशिक पिता लीलाधर कौशिक ने पुलिस को बताया कि मैं नंदनमारा कांकेर का निवासी हूं औरपढाई करता हूं। प्रतिदिन की तरह 23 मार्च को मेरे पिता लीलाधर कौशिक अपने साथी समारू राम पटेल और संतु राम जैन निवासी नंदनमारा के साथ सुबह मार्निक वाक पर सुबह 5 बजे बाईपास रोड नंदनमारा की ओर निकले थे, सुबह करीबन 6 बजे मुझे मेरे पिता फोन करके पूछे कि कहाँ हो, मै बोला कि घर मे हूं। मेरे पिता ने बताया कि मैं समारू राम पटेल और संतूराम जैन तीनो मार्निक वॉंक पर बाईपास रोड में कोडेजुंगा की ओर गए थे और वापिस नंदनमारा की ओर लौटते समय राईस मिल के पास पहुचे थे कि जगदलपुर की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक के द्वारा अपने वाहन को तेज लापरवाही एंव उतावलेपन से चलाते हुए मुझे और समारूराम पटेल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया है। मैं तुरंत घटना स्थल के पास पहुचा, देखा मेरे पिता के दाहिने भुजा कंधा, सिर तथा समारू राम पटेल के सिर, बदन मे चोट आया था। मै उनको प्राईवेट वाहन से दोनो को ईलाज के लिए शासकीय कोमलदेव अस्पताल भर्ती कराया। समारू राम पटेल को गंभीर चोट आने से हायर सेंटर रिफर किए। मेरे पिता का ईलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया।




## धनेलीकन्हार स्वास्थ केंद्र परिसर के शिव मंदिर के दान की पेटी की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र धनेलीकन्हार के परिसर में भगवान शिव मंदिर की दान पेटी कि 23 मार्च की रात्रि चोरी हो गई। ग्रामीणों को घटना की जानकारी 24 को सुबह होने पर कोरर थाने में दी गई। कोरर थाना प्रभारी मोके पर पहुंच कर आसपास से जानकारी लिया।

जानकारी के अनुसार धनेलीकन्हार सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र परिसर में पुराने मंदिर में शिवलिंग स्थापित है। जहां पर श्रद्धालु गढ़ रोजाना पुजा अर्चना करते हैं। इस मंदिर के बाहर एक दान पेटी रखी गई थी, जिसे मजबूत कील से बांध कर रखा गया था, जिसे अज्ञात चोरों ने 23 मार्च की रात्रि को दान पेटी की चोरी कर ले गए। मंदिर के देखरेख करने वालों ने बताया की दान पेटी को पिछले कई महीनों से ▶▶| शेष पेज 10 पर



## भारतमाला परियोजना के ठेकेदारों से परेशान शामतरा और देवडोंगर के किसानों ने किया चक्कजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा

भारत माला परियोजना के तहत बन रहे भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग से प्रभावित शामतरा और देवडोगर के किसानों ने भारतमाला सड़क बना रहे ठेकेदारों से परेशान होकर 24 मार्च को अपनी मांगों को लेकर चक्का जाम करते हुए विरोध जताया है। भारत माला के तहत चल रहे कार्य से बारिश में मार्ग किनारे लगे खेतों में डस्ट पहुँच रहा है, जिससे फसल को नुकसान हो गया था। इस मामले में विगत समय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन अभी तक मुअवाजा राशि नहीं मिला है। किसान राजकुमार, शिवकुमार पटेल, अजित पटेल, बलराम साहू, माधव प्रधान, मनीष प्रधान, रामकिशोर शोरी, श्याम कुमार प्रधान, इश्वर साहू, चेतन पटेल व सुपल सरोज आदि ने बताया कि हमें मुलभूत सुविधा के तहत आवागमन के लिए मार्ग चाहिए। मुख्य नहर 88 के पास वाहन आवागमन पुल नहीं बनाएं जा रहें हैं, जिससे किसानों को अपने खेतों में काम करने जाने के लिए परेशानी करना पड़ेगा। शामतरा से महानदी पहुंच मार्ग 90 किमी. पर सड़क निर्माण कार्य से मार्ग अवरूद्ध हो चुका है, वहाँ पर रास्ता नहीं देने से किसानों को परेशानी होगी। जमीन टोल प्लाजा में आने के कारण सम्पूर्ण मार्ग सड़क निर्माण में आ रहा है, जिसमें शामतरा के निवासियों व किसानों को नदी पहुंचने पर परेशानी हो रही है। परेशान किसानों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर प्रदर्शन किया गया है तथा जब तक मांगे पूरी नहीं होगी तब तक मार्ग अवरूद्ध किया जाएगा और हमारी मांगे पूरी करो के नारे लगाते रहे, जिससे भारत माता मार्ग पर चल रहे सभी वाहन एवं कार्य बाधित हो गए। किसानों का कहना है कि भारतामाल प्रोजेक्ट में काम करने वाले ठेकेदारों की मनमानी से ही हमारी फसल प्रभावत हुई थी, परंतु इस पर किसी ने सुध नहीं लिया।

### नागरिक सहायता कार्यक्रम एवं नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

## बीएसएफ सुरक्षा के साथ-साथ सरकार की योजनाओं के माध्यम से विकास कार्यों में भी करती है सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

सीओबी कोदापाखा 178 वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ द्वारा भारत सरकार के निर्देशानुसार संचालित नागरिक सहायता कार्यक्रम के तहत ग्राम कोपाकटेल के माध्यमिक स्कूल का मैदान में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर एवं सहायता सामग्री वितरण किया, साथ ही ग्रामीणों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को भी जानने का प्रयास किया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए 178 वीं बटालियन बीएसएफ कमांडेंट रवि भूषण ने कहा कि बीएसएफ न केवल नागरिकों की सुरक्षा करता है, बल्कि भारत सरकार की नीति के अनुरूप स्थानीय समुदायों के विकास और सहयोग को भी बढ़ावा देता है। यह नागरिक सहायता कार्यक्रम हमारी इसी जिम्मेदारी का हिस्सा है, जिससे ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय ग्रामीणों को आवश्यक सहायता प्रदान कर सुरक्षा बलों और जनता के बीच मजबूत संबंध स्थापित करना है। भारत सरकार के नागरिक सहायता कार्यक्रम के तहत बीएसएफ द्वारा किए जा रहे यह प्रयास न केवल स्थानीय समुदायों के लिए लाभकारी हैं, बल्कि सुरक्षा बलों और जनता के बीच विश्वास और सहयोग को भी सुदृढ़ करते हैं। इस पहल से ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ मिला और साथ ही सुरक्षा बलों के प्रति उनकी आस्था और समर्थन और अधिक गहरा हुआ, जिससे भविष्य में बेहतर समन्वय और सौहार्द की संभावना मजबूत हुई है। कोदापाखा के सरपंच सोमनाथ नेताम ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बीएसएफ और भारत सरकार द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम हमारे गाँव के लिए अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक साबित हुआ है। इस पहल के माध्यम से न केवल बेहतर चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध हुईं, बल्कि ग्रामीणों को आवश्यक सामग्री भी प्राप्त हुई, जिससे उनके जीवन में सहजता और सुधार आया है।



### ये रहे उपस्थित

आयोजित शिविर में सहायक कमांडेंट चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकित कुमार के नेतृत्व में आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में लगभग 121 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परामर्श एवं उपचार प्राप्त किया, इसमें 45 पुरुष, 58 महिलाएं और 18 बच्चे शामिल रहे। शिविर में कोदापाखा, आमापारा, बंगाचर, नेवारीखेरा, सोनडतराई, बकरेटोला, कोपाकटेल और कवाचिकाटेल गांवों के लगभग 600 ग्रामीण भाग लिया, जिसमें 200 पुरुष, 250 महिलाएं और 150 बच्चे शामिल रहे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों को कपड़े, स्टेशनरी, खेल सामग्री, जल भंडारण टैंक एवं कृषि उपकरण वितरित किए गए। इस अवसर पर सहायक कमांडेंट बीडी शर्मा, सहायक कमांडेंट चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकित कुमार, अनुपा कोवाची बंगाचर सरपंच एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जमीन बंटवारा को लेकर परिजनों में हुआ विवाद, पुलिस ने दर्ज किया काउंटर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



थाना अंतागढ़ में विगत दिनों जमीन बंटवारा को लेकर एक ही परिवार में विवाद हो गया। पेशी के दौरान मारपीट, जान से मारने की धमकी जैसी शिकायतें हुई। पुलिस ने दिए गए आवेदनों की जांच करने के उपरांत दोनो पक्षों पर काउंटर केस दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया। अंतागढ़ थाना में शिकायत करने पहुंची रंजु देवी साव पति अरविन्द साव उम्र वर्ष निवासी कुटुम्बा थाना कुटुम्बा जिला औरंगाबाद बिहार हाल नयापारा अंतागढ़ थाना अंतागढ़ जिला कांकेर की रहने वाली हूं। मेरे पति अरविन्द साव और बड़े भाई भोला प्रसाद साव के मध्य जमीन के बंटवारा की बात को लेकर बहुत दिनों से लड़ाई झगडा चल रहा है। मेरे परिवार और मेरे जेठ भोला प्रसाद का तहसील कार्यालय अंतागढ़ में 12 मार्च को पेशी थी। इसी दिन करीबन दोपहर 2 बजे तहसील परिसर पर खड़ी थी, तभी मेरे जेठ भोलाप्रसाद साव मेरे पास आया और तुम लोगों को बंटवारा नहीं दूंगा कहकर मुझे गाली देते हुए जान से मारने का धमकी देते हुये मेरे पेट पर जोर से लात से मार दिया। पुलिस ने प्रार्थियां के द्वारा दिए गए आवेदन की जाँच कर आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 351 (3), 115 (2), 3(5) बीएनएस की पुष्टि होना पाए जाने ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### मंडल संयोजक के नेतृत्व में परीक्षा केंन्द्रो का सघन निरीक्षण

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत संकुल समन्वयक किशोर विश्वकर्मा, रामचन्द्र दुग्गे, व्याख्याता प्रमिता शाह, विनिता वट्टी के द्वारा 5 वी व 8 वी के विभिन्न परीक्षा केंद्रो का निरीक्षण गया। विकासखंड के अंतिम छोर और मोहला-मानपुर जिला के सीमावर्ती परीक्षा केन्द्र प्राथमिक शाला लोहत्तर, कन्या आश्रम लोहत्तर, प्राथमिक शाला जाडेकुर्से, बालक आश्रम जाडेकुर्से जैसे अन्दरूनी परीक्षा केन्द्रो का निरीक्षण किया गया। इस दौरान इन परीक्षा केन्द्रो में परीक्षा का संचालन व्यवस्थित व शान्तिपूर्वक संचालित होने के साथ ही नकल के कोई मामला नहीं पाया गया।

### सीढ़ी से गिरने से महिला की मौत

**कांकेर।** चारामा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा में टढ़ईकोंदल निवासी 35 वर्षीय मीना उसेंडी की सीढ़ी से गिरने पर घायल होने से ईलाज के लिए भर्ती कराया गया था। ईलाज के दौरान मौत हो गई। चारामा पुलिस ने मर्ग कायम का शव का पंचनामा कर पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा गया।

### असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन के लिए काउंसिलिंग 27 को

**कांकेर।** जिले के बेरोजगार युवाओं के भविष्य को बेहतर एवं आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार व स्वरोजगार से जोडने के लिए शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पखांजूर में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन डोमेस्टिक के 40 सीट के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ किया जाना हैं। जिसके लिए 27 मार्च को सुबह 11 बजे से संस्था में काउंसलिंग आयोजित किया जाएगा। अतः इच्छुक उम्मीदवार न्यूनतम योग्यता 10वीं पास के साथ अंकसूची की छायाप्रति, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति एवं 02 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ तथा समस्त दस्तावेजों के मूल प्रति के साथ स्वंय शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पखांजूर में उक्त तिथि में उपस्थित होगे।

### आंबा केंद्रों के संचालन का समय में परिवर्तित

**कांकेर।** प्रदेश में गर्मी की अधिकता के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए ग्रीष्मकाल की अवधि में आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन के समय में परिवर्तन किया गया है। आगामी 01 अप्रैल से 30 जून 2025 तक आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन का समय 06 घण्टे से घटाकर 04 घण्टे किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार समयावधि में उक्त परिवर्तन करने पर आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन प्रातः 07 से 11 बजे तक होगा। ग्रीष्मकाल समाप्ति उपरांत 01 जुलाई 2025 से पुनः आंगनबाड़ी केन्द्र संचालक प्रातः साढ़े 9 से साढ़े 3 बजे तक 06 घण्टे के लिए किया जाएगा।

# दुर्गूकोंदल जनपद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष और सदस्यों ने ली शपथ, पदभार किया ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन में चुनकर आए जनपद पंचायत के नव निर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष तथा सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को जनपद पंचायत के सभागार सादगीपूर्ण में आयोजित किया गया। जनपद पंचायत कार्यालय में इस दौरान विभिन्न गांव के सरपंच, पंच और ग्रामीण नेतागण व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के समक्ष दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना से की गई। इसके पश्चात सभी अतिथियों एवं नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का पुष्पगुच्छ और माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। जनपद पंचायत के सीईओ सुरेंद्र कुमार बंजारे ने पंचायत राज अधिनियम 1993 के तहत सर्वप्रथम नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोपी बढ़ाई को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। तत्पश्चात उपाध्यक्ष आनंद तेता को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाने के बाद सभी नव निर्वाचित सदस्यों सविता उयके, सुशीला गावड़े, सुलोचना कोरेटी, निर्मला कोवाची, हेमलता उयके, धनसाय हुर्रा, पीलम नरेटी, विकास राजु नायक, अमृत कोटिंग्ला को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। अध्यक्ष गोपी बढ़ाई ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह समारोह गरिमामय और यादगार बन गया है। उन्होंने क्षेत्र के मतदाताओं और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी मिलकर एकता और सामंजस्य बनाए रखते हुए क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## नवनिर्वाचित पदाधकारियों का किया गया सम्मान



**तेज गति से करेंगे विकास कार्य :** उपाध्यक्ष आनंद तेता ने अपने वक्तव्य में कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें लोकतंत्र के महापर्व में चुनाव किया है, वे उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने विकास कार्यों को गति देने और क्षेत्र की समस्याओं का समाधान को प्राथमिकता के आधार पर करने का संकल्प लिया। शपथ के बाद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई और उपाध्यक्ष आनंद तेता ने अपना विधिवत प्रभार ग्रहण भी कर लिया। विशिष्ट अतिथि देवेंद्र टेकाम ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए वे पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि शासन की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए जनप्रतिनिधि और प्रशासन मिलकर कार्य करेंगे।

### ये हुए शामिल

इस अवसर पर हुमन मरकाम, नव निर्वाचित सरपंच शकुंतला नरेटी, रज़लाल आचला, आरके किशोरे, आरडी ठाकुर, अंजनी मंडावी, रिगबत्ती वट्टी, तोरण दुग्गा, मुकेश्वरी नरेटी, नरेंद्र जैन, राजलाल आचला, मुकेश गावड़े, सियाराम मडावी, उमेश्वरी मंडावी, सोमदेव कोरेटी, रसालू गावड़े, धनेश नरेटी, हीरालाल कोमरे, अर्जुन टांडिया सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बैठक : कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक ली और दी हिदायत

# लंबित कार्यों का निष्पादन समय सीमा पर करने गंभीर हों अधिकारी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- कृषि, खाद्य, स्वास्थ्य और पुलिस विभाग में लंबित प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को निर्देश



जिले में विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों के तहत निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति की समीक्षा कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में की। पिछले कुछ वर्षों से कतिपय लंबित एवं अपूर्ण निर्माण कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट तौर पर कहा कि बार-बार समीक्षा करने के उपरांत भी निर्माण कार्यों में समुचित प्रगति नहीं आई है, जो अत्यंत खेदजनक है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देशित किया कि सभी अपूर्ण एवं लंबित कार्यों का निष्पादन समयबद्ध तरीके से गम्भीरतापूर्वक करें, अन्यथा संबंधित के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 46 मार्च की सुबह साढ़े 10 बजे से आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने नियद नेल्लानार योजनांतर्गत साप्ताहिक प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि राजस्व, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि, खाद्य, स्वास्थ्य और पुलिस विभाग में लंबित प्रकरणों में संबंधित अधिकारी तेजी लाएं। साथ ही शासन की मंशानुरूप माओवाद प्रभावित क्षेत्र के चयनित ग्रामों के ग्रामीणों को लाभान्वित करें। इसी तरह आंगनबाड़ी भवन निर्माण तथा शासकीय उचित मूल्य की दुकानों के भवन निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा कर पूर्णता एवं उपयोगिता प्रमाण-पत्र अविलंब प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित कार्य एजेंसी को दिए। बताया गया कि पीडीएस के 103 स्वीकृत में 26 कार्य अपूर्ण है। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत एवं निर्माणाधीन आवासों को शीघ्रता से पूर्ण करने के लिए किश्त की राशि नियमानुसार जारी करने के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी को दिए। सीईओ ने बताया कि योजनांतर्गत जिले में 38043 आवास निर्माण का लक्ष्य है, जिसके विरूद्ध 26688 प्रकरण स्वीकृत किए गए हैं तथा निर्माण स्तर के आधार पर हितग्राहियों को किश्तों में राशि जारी की जा रही है। इसके लिए जनपद पंचायत सीईओ की सतत बैठक लेकर तेजी लाने के निर्देश दिए जा रहे हैं। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत छूटे हुए हितग्राहियों को दायरे में शामिल करने के उद्देश्य से 'आवास प्लस' के तहत सर्वे किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक 3177 हितग्राहियों का सर्वे पूर्ण हो चुका है तथा 733 का ऑनलाइन के माध्यम से (सेल्फ सर्वे) किया जा चुका है।

आयोजित बैठक में कलेक्टर ने इसके अलावा सामाजिक अंकेक्षण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सामुदायिक शौचालय निर्माण, पीएम जनमन, डीएमएफ एवं जिला निर्माण समिति के अधीन स्वीकृत कार्यों की प्रगति, पोषण पुनर्वास केन्द्रों में बेड ऑक्यूपेंसी, राष्ट्रीय अंधत्व निवारण अभियान, आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, पीएमश्री स्कूल योजना सहित राज्य एवं केन्द्र सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा करते हुए जमीनी स्तर पर योजनाओं को क्रियान्वित करने और पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। इसके अलावा उन्होंने विभागवार एवं अनुभागवार लंबित प्रकरणों की साप्ताहिक प्रगति की जानकारी लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही पीएम एवं सीएम पोर्टल व पीजीएन की साइट में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए तत्काल निराकृत करने, जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों तथा कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। आयोजित बैठक में अपर कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारीगण और विभिन्न विभागों के कार्यालय प्रमुख उपस्थित रहे।

## लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने दिए सुझाव और किया सावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- पसीना नहीं आना, अधिक प्यास और कम पेशाब आना, भूख कम लगना और बेहोश होना आदि लू लगने के प्रमुख लक्षण

जिले में ग्रीष्म ऋतु में तापमान में वृद्धि होने के कारण हीट स्ट्रोक की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने लू से बचाव व उसके प्रबंधन संबंधी जागरूकता फैलाने के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश सांडिया ने जिलावासियों को लू से बचने एवं लू लगने पर सावधानी बरतने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी है। सीएमएचओ ने बताया कि सिर में भारीपन और दर्द होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक हो जाने के बाद भी पसीने का न आना, अधिक प्यास और पेशाब कम आना, भूख कम लगना और बेहोश होना आदि लू लगने के प्रमुख लक्षण हैं। उन्होंने बताया कि लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने का मुख्यतया शरीर में नमक की कमी होना है। अतः इससे बचाव के लिए निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए, बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जाएं, धूप में निकलने से पहले सिर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें, पानी अधिक मात्रा में पिएं, अधिक समय तक धूप में न रहें, गर्मी के दौरान नरम मुलायम सूती कपड़े पहनने चाहिए ताकि हवा और पसीने को सोखते रहे। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल पिएं, चक्कर आने, उल्टी आने पर छायादार स्थान पर विश्राम करें तथा शीतल पेय तथा जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें। प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श लिया जावे तथा उल्टी, सिर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र से जरूरी सलाह ली जाए। लू लगने पर किये जाने वाला प्रारंभिक उपचार बुखार पीड़ति व्यक्ति के सर पर ठण्डे पानी की पट्टी लगाए, अधिक पानी व पेय पदार्थ पिलायें जैसे कच्चे आम का पना, जलजीरा आदि। पीड़ति व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लिटा दें, शरीर पर ठण्डे पानी का छिड़काव करते रहें, पीड़ति व्यक्ति को यथाशीघ्र किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार के लिए ले जाए। मितानिन, एएनएम से ओआरएस के पैकेट के लिए संपर्क करें। संबंधित किसी भी प्रकार के सूचना व जानकारी के लिए जिला सर्वेलेंस इकाई एवं टोल नं-104 पर संपर्क करें।

## संयुक्त पुलिस परिवार ने भानुप्रतापपुर थाने का बेमियादी घेराव करेगा, एसडीएम को सौंपा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सांसद कांकेर के मामले को लेकर एक माह बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं करने पर समस्त छत्तीसगढ़ पुलिस कर्मचारियों के सम्मान तथा शहीद जवानों के सम्मान के लिए 27 मार्च को थाना भानुप्रतापपुर का सँयुक्त पुलिस कर्मचारी एवं परिवार कल्याण संघ द्वारा अनिश्चित कालीन घेराव करने का पत्र सौंपा गया है।

मामला यह है कि 9 फरवरी को भानुप्रतापपुर में साप्ताहिक बाजार लगा हुआ था तथा उसी दिन चुनाव प्रचार का अंतिम दिन भी था जिससे भानुप्रतापपुर में लोगों की भीड़ व सुविधाओं को देखते हुए पुलिस के द्वारा अपनी ड्यूटी को ईमानदारी से निभाते हुए बड़ी गाड़ियों को शहरी क्षेत्र में घुसने से प्रतिबंधित कर दिया गया था, तभी कांकेर सांसद और उनके समर्थक उस रास्ते से गुजर रहे थे उसी दौरान सांसद महोदय आचार संहिता के दौरान अपने आप को व्हीआईपी बताते हुए थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख के साथ अभद्र तरीके से बात करने लगे तथा थाना प्रभारी को जबरन वसूलीबाज कहने लगे थाना प्रभारी बड़ी शालीनता से सांसद को अपनी बात समझाने की कोशिश करते रहे, लेकिन सांसद अपनी अभद्र भाषा का प्रयोग लगातार करते रहे तथा थाना भानुप्रतापपुर में अपने समर्थकों के साथ जाकर पुलिस के खिलाफ लगातार अभद्र शब्दों का प्रयोग करते हुए धमकी देते रहे। उसी दौरान पुलिस अधिकारी के द्वारा थाने के अंदर वीडियो बनाने से मना करने पर सांसद के समर्थक के द्वारा बोला गया कि पुलिस वालों को लाईन से खड़ा करके झापड़ मारूंगा तब उसे सांसद ने अपने कार्यकर्ता को मना नही किया तथा इस पूरे घटनाक्रम को शोसल मीडिया में वायरल कर दिया गया है, जिस से पुलिस विभाग की छबि धूमिल हो रही है तथा पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों का मनोबल गिर रहा है। इस मामले को लेकर उस दिन से सँयुक्त पुलिस कर्मचारी एवं परिवार कल्याण संघ के सदस्यों के अंदर काफी रोष व्याप्त है।

संयुक्त पुलिस परिवार संघ ने इस मामले में अपराध दर्ज करने भानुप्रतापपुर थाना में आवेदन दिया था, परंतु कोई कार्यवाही नहीं होने पर संयुक्त परिवार संघ 27 मार्च से अनिश्चतकालीन थाने का घेराव करेगा, जिसकी जानकारी संघ ने भानुप्रतापपुर एसडीएम को सौंपा है।





## जिपं का प्रथम सम्मिलन आयोजन 25 मार्च को

**कांकेर।** जिला पंचायत की प्रथम सम्मिलन (विशेष) का आयोजन 25 मार्च को जिला पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी ने बताया कि उक्त सम्मिलन में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा कार्यभार ग्रहण किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर विधानसभा क्षेत्र अंतागढ़ के विधायक विक्रम उसेण्डी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी द्वारा प्रथम सम्मिलन की अध्यक्षता की जाएगी। इसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में लोकसभा क्षेत्र कांकेर के सांसद भोजराज नाग, कांकेर विधायक आशाराम नेताम, भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मण्डावी एवं जिला पंचायत की उपाध्यक्ष ताराबती ठाकुर सहित जिला पंचायत के सभी नवनिर्वाचित सदस्य और वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहेंगे।

### युवती ने फांसी लगा की आत्महत्या

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत जिला अस्पताल में भर्ती 19 वर्षीय रिचा उसेंडी फांसी लगाने के उपरांत ईलाज के लिए भर्ती हुई थी। ईलाज के दौरान मृत्यु हो जाने पर जिला अस्पताल के स्टाप ने कांकेर पुलिस को जानकारी दिया। कांकेर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा तैयार कर पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा। फांसी लगने का कारण स्पष्ट नहीं है। विवेचना के उपरांत ही सही कारण का पता चल सकेगा।

## नगर पंचायत अध्यक्ष व वार्ड के पार्षदों का ब्रह्मकुमारीज द्वारा किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा




प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय जिला कांकेर की शाखा नगर पंचायत चारामा के तत्वाधान में दुर्गा मंच बस स्टैंड में नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष और सभी 15 वार्ड के पार्षदों को सम्मान किया। के लिए आमंत्रित किया गया, जिसमें में नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष सहित 12 वार्ड के पार्षदों का कांकेर किया।

नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष भुवनेश्वर नागराज एवं 12 वार्ड के पार्षद कविता साहू, गीतेश्वरी सोनकर, रजनी यादव, जगदीश्वर साहू, तुलसी कुंजाम, लोकेश सोनकर, संतोष ओझा, संदीप मेश्राम, चंद्रिका देवांगन, कमलेश सेन, उत्तम साहू एवं मंजू सोनकर का जिला प्रमुख बीके रामा दीदी, सहयोगी साथी बहन बीके कृष्णा दीदी और चारामा की संचालिका बीके यूस दीदी ने तिलक, बैज, पुष्प, मोमेंटो, पट्टे व श्रीफल से सम्मान कर ईश्वरीय प्रसाद व स्लोगन फ्रेम ने भी भेंट किया और उन सबको जीत की बधाई देने के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। ईश्वरीय संदेश दिया कि सभी को सहज राजयोग मेडिटेशन और आध्यात्मिक ज्ञान का निःशुल्क लाभ लेने के लिए ईश्वरीय केंद्र में आमंत्रित किया गया।

अध्यक्ष भुवनेश्वर नागराज ने सभी पार्षद गण की तरफ से आश्वासन दिया और कहा कि हम अपना काम बहुत अच्छे से करेंगे और जनता के विश्वास पर खरे उतरेंगे। वार्ड 13 के पार्षद उत्तम साहू ने कहा यह गर्व की बात है 13 नंबर वार्ड में ही सम्मान का कार्यक्रम रखा गया है। वार्ड में मां दुर्गा की मंदिर, शासकीय अस्पताल, संस्था का केंद्र, आज के समय में जीवन में तनाव बहुत है और सभी को शांति की आवश्यकता है। मैं अवश्य समय निकालकर लाभ लूंगा, ताकि हम अपना काम बहुत अच्छे से कर सकेंगे। इस अवसर पर देवसाय देवांगन, अजीत कंवर, कृष्ण देवांगन, नारद मंडावी, अविनाश, डॉ. एसआर चंद्राकर, बीआर साहू, राजेंद्र साहू, अंजू द्विवेदी, रितु वर्मा, यमुना, दुर्गा, उर्मिला देवांगन, पंचमी, हेमलता साहू, श्वेता चंद्राकर, भानुमति धामडे व सुरेश साहू आदि ने पुष्प हार के द्वारा सभी अतिथियों का सम्मान किया।

## महाराजा प्रवीरचंद्र की 59वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



महाराजा प्रवीर बस्तर विकास वाहिनी, प्रवीर सेना द्वारा बस्तर के लोकनायक, माटी पुजारी अमर शहीद महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव की शहादत की वर्षगांठ, 59 वीं पुण्यतिथि पर 25 मार्च को बलिदान दिवस के अवसर पर दिवंगत लोकनायक महाराजा को श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए श्रद्धांजलि का आयोजन प्रतिमा स्थल, माई दंतेश्वरी मंदिर के सामने प्रातः 10 से 11 बजे तक किया जा रहा है। यह तथ्य सर्वविदित है कि बस्तर के इतिहास के युगपुरूष स्व. महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव विभिन्न समाज तथा आदिवासी समुदाय के व्यापक हितों एवं बस्तर के जल जंगल जमीन की अक्षुण्णता को बनाए रखने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था। बस्तर के अमूल्य वन एवं खनिज तथा बैलाडिला के लोहे की खदानों को निजाम के चंगुल से बचाते हुए एवं विरोधी ताकतों से लोहा लेते हुए महाराजा ने इन अमूल्य संपदाओं को बस्तर के नक्शें में समाहित कराया जो समुचे छतीसगढ के लिए युगों-युगों तक जीवनदायिनी का काम करता रहेगा। यह महानतम कार्य ही उनके बलिदान का मुख्य कारण रहा। ऐसा जघन्य हत्याकाण्ड जिसमें स्वर्गीय महाराजा के साथ असंख्य बस्तर-वासियों ने बस्तर के हितों की लड़ाई में अपनी शहादत दी, अपने आप में विश्व की ऐतिहासिक घटना मानी जाती है।

## 212 बटालियन ने 86वीं स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया

**कोंटा।** 212 बटालियन केंद्रीय रिर्जव पुलिस बल द्वारा किस्टारम क्षेत्र के सभी कैम्पों में 86 वें स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर 212 वीं वाहिनी के कमांण्डेट दिपक कुमार श्रीवास्तव के द्वारा मुख्यालय येटापक्का में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर स्थापना दिवस कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई। आला अधिकारी व जवानों को कमाण्डेन्ट ने बल के द्वारा अर्जित की गई सफलताओं के बारे में संबोधित किया। वहीं इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा बड़े खाने का आयोजन भी किया गया। जिसमे मुख्यालय में तैनात अधिकारीयों एवं कार्मिको के परिवारो को भी आमंत्रित किया गया।

## ऑल इंडिया बार एग्जाम में आदिवासी युवा छात्र संगठन के सचिव रूपसिंह को मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड



विकासखंड बकावंड के ग्राम संघ करमरी के निवासी रूपसिंह बघेल ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन के दम पर से ऑल इंडिया बार परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। यह न केवल उनके लिए बल्कि पूरे आदिवासी समाज के लिए गर्व का विषय है। रूपसिंह आदिवासी युवा छात्र संगठन के सचिव हैं। रुपसिंह ने यह सिद्ध कर दिया है कि अगर नीयत और मेहनत सही हो, तो कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। रूपसिंह की इस सफलता ने आदिवासी समुदाय के बीच एक नई उम्मीद और प्रेरणा की किरण जगाई है। उनका यह संघर्ष और सफलता यह साबित करती है कि समाज में हर वर्ग और जाति के लोग समान अवसरों के साथ सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंच सकते हैं। आदिवासी समाज के लिए यह एक नई दिशा है, जहां पर शिक्षा और समाज सेवा के माध्यम से वे अपने अधिकारों और पहचान के लिए संघर्ष कर सकते हैं। रूपसिंह बघेल का मानना है कि शिक्षा और कानून की समझ हर समाज के लिए महत्वपूर्ण है। उनका उद्देश्य आदिवासी समुदाय को न्याय, समानता और अधिकारों के प्रति जागरूक करना है।

## पेज 11 के शेष...

### परलकोट क्षेत्र में...

मक्का पक चुका है, उसे ज्यादा नुकसान नहीं होगा, लेकिन जिन पौधों में अभी दाने नहीं बने हैं, उनके गिरने से किसानों को नुकसान उठाना पड़ेगा। किसानों को उचित मुआवजा प्रदान किया जाएगा।

### कांग्रेसियों ने किसानों...

तो कांग्रेस पार्टी आने वाली समय में उग्र आंदोलन करेगी। धरना प्रदर्शन में इंद्रजीत बिस्वास, रूप सिंह पोटाई, सुप्रकाश मल्लिक, पार्षद राजदीप हालदार, देवली नुरुटी, अमर मंडल,निहार सरकार, सरपंच घोड़ागांव फूलकुमारी नुरुटी, सरपंच सोहगांव सुधांशु कुमेटी, हर्षित दास, सुभाष बाइन,आशीष देवांगन,मंजू निर्मलकर, सुचित्रा सिकदार, किशोर सिकदार,हर्षित मृधा, विकास मंडल, अनिवास राय, गोपाल कुंडू, शरद गाँगुली, खोकन तालुकदार, पल्लव बिस्वास, प्रदीप बाइन, स्वपन बिस्वास, संजय राय,सुमित टिकेदार, गणेश चक्रवर्ती, सम्राट चक्रवर्ती, नेपाल राय, अनादि बैध, अमृत कीर्तनीय सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

### धनेलीकन्हार स्वास्थ...

नहीं खोला गया था। धनेलीकन्हार में आए दिन चोरी की घटनाएं बढ़ गई है एवं पुर्व में मनोज गंगबेर के यहां सुने मकान में चोरी हुई थी और इसी दिन मंदिर के दान पेटी का भी ताला तोड़ा गया था। हालांकि चोर पैसे की चोरी नहीं कर पाए थे।

इसी तरह एक शिक्षक की मोटरसाइकिल की दिन दहाड़े चोरी हो गई थी, जिसका आज तक कोरर पुलिस पाता नहीं लगा पाई। चोरी की इस तरह की घटना से आस पास के ग्रामीणों में दहशत है। लोगों में चर्चा है की स्थानीय युवकों की भुमिका इस चोरी में हो सकती है। इन दिनों युवकों में गांजे व शराब सेवन की लत बढ़ गई है व नशापान करने के लिए इस तरह की घटना को अंजाम दे रहे हैं।

### जमीन बंटवारा...

से पृथक से आरोपीगणों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है दूसरे पक्ष से थाना में शिकायत करने पहुंची सरिता साहू पति भोला प्रसाद साहू ने पुलिस को बतया कि अंतागढ़ तहसील में 12 मार्च को पेशी थी, प्रकरण में अगली सुनवाई तारीख दिया जाने पर तहसील न्यायालय परिसर में ही हमारे प्रकरण के विरोधी पक्ष के लोग अरविन्द साव पिता गुलाब साव धनंजय साव, उमेश साव एवं रंजू साव के द्वारा एक राय होकर मेरे एवं मेरे पति के साथ गाली देते हुए मारपीट करते हुए जान से मारने का धमकी दिया। उपस्थित लोगो के द्वारा बीच बचाव किया गया। पुलिस ने दूसरे पक्ष पर भी मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

अभियान : टीबी बीमारी का इलाज सावधानी से कराए और नियमित दवा लें

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर में मनाया विश्व टीबी दिवस, ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर के सभागृह में विश्व क्षय टीबी दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम खंड चिकित्सा अधिकारी भानुप्रतापपुर डॉ एके ध्रुव ने कहा कि विश्व टीबी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को टीबी की गंभीरता के बारे में जागरूक करना और उसके रोकथाम और इलाज को बढ़ावा देना है। इस दिन विभिन्न स्वास्थ्य संगठनों, चिकित्सा संस्थाओं द्वारा टीबी के लक्षण इलाज और बचाव की जानकारी दी जाती हैं ताकि इस बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सके। तत्पश्चात बीएमओ द्वारा उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को टीबी मुक्त भारत के लिए शपथ दिलाई गई।

विश्व क्षय टीबी दिवस के अवसर पर एसटीएस भानुप्रतापपुर अशोक ठाकुर ने कहा कि टीबी एक संक्रामक बीमारी है जो टीबी बैक्टीरिया माइक्रो बैक्टियम ट्यूबर कुलोसीस के कारण होती है। यह मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करती है और साथ ही शरीर के अन्य अंग को भी प्रभावित करती है। यह हवा के जरिए फैलता है जब कोई संक्रमित व्यक्ति खांसता छींकता है तो बैक्टीरिया हवा में फैल जाते है और अगर कोई स्वस्थ व्यक्ति हवा में सांस लेता है तो उसे टीबी हो सकती हैं। लक्षण में दो सप्ताह से लगातार खांसी, बलगम में खून आना, वजन में कमी होना, रात में पसीना आना, तेज बुखार के साथ ठंड लगाना व साथ में भूख न लगना इसके लक्षण हैं। अगर किसी को भी ये लक्षण हो तो नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में जाकर निःशुल्क जांच कर निशुल्क इलाज प्रात कर सकते हैं। खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी भानुप्रतापपुर रत्ना पॉल द्वारा बताया गया कि विश्व टीबी दिवस हर साल नए थीम के साथ मनाया जाता है, जो टीबी उन्मूलन के जागरुकता बढ़ाने में केंद्रित होता है। 2025 की थीम मतलब हम सब मिलकर ही इस बीमारी को जड़ से खत्म कर सकते है। भारत सरकार ने 2025 तक टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे सीवाईटीबी टेस्ट के तहत स्वास्थ्य संस्थाओं में कार्यरत फ्रंट लाइन अधिकारी कर्मचारियों में टीबी के संक्रामकता कितनी है इसकी जॉच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर के सभी स्टॉफ, फील्ड और मितानिन प्रशिक्षक का टेस्ट करवाया गया। इस अवसर पर बीपीएम प्रशांत मर्सकोले, विनय चनाप, सेक्टर सुपरवाइजर मुकेश श्रीवास, बृजेश उके, सचेंद्र सोलंकी, राजकुमारी कोर्राम, तोमेश्वरी लाटीया के साथ अस्पताल के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जीवन विद्या आधारित जनसंवाद सभा का डोकला में आयोजन



**चारामा।** जिले के विकासखण्ड चारामा के ग्राम डोकला में जीवन विद्या लोकव्यापीकरण अभियान के अंतर्गत सुखी परिवार से सुखी समृद्ध ग्राम स्वराज्य परिवार विषय पर जनसंवाद सभा का आयोजन किया गया।

जनसंवाद सभा के बाद आयोजकों और जीवन विद्या परिवार के सदस्यों के साथ गोष्ठी हुई, जिसमें यह प्रस्ताव पारित किया गया कि आगामी 15 दिनों में 3 और जनसंवाद सभा का आयोजन किया जाए और साथी ही यह भी निर्णय लिया गया कि 5 दिवसीय जीवन विद्या शिविर 15 से 20 अप्रैल का आयोजन ग्राम आंवरी में क्षेत्रीय सम्मेलन के अवसर पर किया जाए।सभा को अभ्युदय संस्थान अछोटी से निताशा त्यागी और डॉ संकेत ठाकुर, ग्राम आंवरी के सेवा निवृत्त शिक्षक हीरालाल साहू, प्रभुराम गंगवेर, हिरवेन्द्र साहू, रूपराम साहू और मिडिल स्कूल के हेड मास्टर चंद्रहास साहू ने संबोधित किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य तनु साहू, परमानन्द, उप सरपंच संतोष साहू, आकाशवाणी रायपुर की उद्घोषिका शुभ्रा ठाकुर सहित ग्राम के अनेक वरिष्ठ नागरिक और महिला पुरुष उपस्थित रहे। जनसंवाद सभा में शामिल होने ग्राम आंवरी व माहुद के साथ नरहरपुर कांकेर से शिक्षक कुमार साहू, रामनिवास यादव, कुरूद धमतरी से अखिलेश वैष्णव, देव भईया, डोकला बालोद से उदय सिन्हा प्रभारी प्राचार्य शासकीय विद्यालय, डॉ गीतांजलि सिन्हा चारामा, लोकेश साहू एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।



## छात्र-छात्राओं ने नासा एवं अंतरिक्ष यात्रा संबंधी ज्ञानवर्धक बातें जानी

**कांकेर।** पैराडाइज हायर सेकेण्डरी सीबीएसई स्कूल के कक्षा नर्सरी से ग्यारहवी कक्षा के छात्र-छात्राओं को भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स कें उनकी अंतरिक्ष जीवन के बारें में विडियो के माध्यम से जानकारी प्राप्त किया। उन्हें बताया गया कि सुनीता विलियम्स कें द्वारा 9 महीने 14 दिन अंतरिक्ष में रहकर क्या-क्या रिसर्च किया तथा वहां पर आने वाली चुनौतियों के बारे मे बताया गया। स्कूल के बच्चों ने सुनीता विलियम्स के जीवन एवं उनके अंतरिक्ष अनुसंधान से संबंधित प्रश्न पूछकर अपने जिज्ञासा और ज्ञान के स्तर को और अधिक बढ़ाया। उन्होंने जाना कि सुनीता विलियम्स स्पेसएक्स के डैगन अंतरिक्ष यान में सवार होकर पृथ्वी में वापस कैसे आई। बच्चों ने जाना सुनीता विलियम्स ने इस मिशन के माध्यम से विज्ञान और अंतरिक्ष के क्षेत्र मे एक नई उपलब्धि हासिल की है, उनकी यह यात्रा समूचे विश्व के लिए प्रेरणादायी है। बच्चों ने यह भी जाना कि आज महिला आर्थिक, सामाजिक, राजनीति, सांस्कृतिक, खेल एवं विज्ञान के हर क्षेत्र में उपलब्धि हासिल कर परचम लहरा रही हैं और साथ ही महिलायें अंतरिक्ष में अपना वर्चस्व स्थापित कर पूरी दुनिया में एक नया इतिहास रच रही हैं। छात्र-छात्राओं ने सुनीता विलियम्स के जीवन से तथा अंतरिक्ष विज्ञान स्पेश स्टेशन के बारे में बहुत ही बिस्तार से प्रेरणादायी जानकारी प्राप्त किया। इस शिक्षा एवं अंतरिक्ष जीवन से प्रेरित कार्यक्रम को संपन्न कराने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगुरी, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान, कोऑर्डिनेटर पूनम जीत कौर वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा, पवित्र बराई, रूबी खान, दीपांजली गोगोई, वर्षा रामानी, मेघा सेवा, शबाना परवीन, एस मर्सी, तीरथ साहू, अवतार सिंह, कृष्णापद कुंभकार, भारती सेठिया, प्रतीक सिह, संगीता भारती, जीतूदास माण्डले, सरिता मिश्रा आदि शिक्षकों का योगदान रहा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
06 मई से 15 मई, 20 मई से 29 मई, 03 जून से 12 जून 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## शौर्यचक्र सीमा सुरक्षा बल ने क्रिकेट स्पर्धा आयोजित की



दुर्गुकोंदल। रावघाट सीओबी में 129वीं शौर्यचक्र वाहिनी सीमा सुरक्षा बल द्वारा 2 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कार्यवाहक द्वितीय कमान अधिकारी उप कमांडेंट दिगम्बर चौहान के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ सुधीर द्विवेदी उप कमांडेंट, नारायण सिंह रावत कंपनी कमांडर, सरपंच तालाबेड़ा शीतल नवागो तथा सरपंच भैंसगांव बसन्ती उसेंडी की उपस्थिति में किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 6 टीमों तालाबेड़ा, मड़पा, कोलार, दिहाड़ीपाड़ा, फूलपाड़ व कुम्हारी ने भाग लिया है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को टी शर्ट, लोअर ट्रैक पैंट, जूते, टोपी का वितरण किया गया तथा इस प्रतियोगिता का समापन 28 मार्च को किया जाएगा जिसमें विजेता टीम व उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा व भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को मेडल व प्रत्येक टीम को क्रिकेट कीट का वितरण किया जाएगा।

